# निवेश की संभावना तलाशने आएंगे जापान के 250 सीईओ

## प्रदेश में स्थापित होगा ग्रीन हाइड्रोजन का एक्सीलेंस सेंटर, सीएम योगी से मिले जापान के यामानासी प्रांत के उपराज्यपाल

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में निवेश की संभावना तलाशने के लिए जापान से करीब 250 सीईओ आएंगे। बुधवार को जापान के यामानासी प्रांत के उपराज्यपाल को ओसादा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात के दौरान ये जानकारी दी। दोनों के बीच ग्रीन हाइड्रोजन पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

ग्रीन हाइड्रोजन को लेकर उत्तर प्रदेश व यामानासी प्रीफेक्चर के मध्य समझौता होगा और यहां सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया जाएगा। इसमें जापानी तकनीक का उपयोग होगा। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कराने पर भी चर्चा हुई, जिसमें हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी व इसके उपयोग में रूचि रखने वाले दुनियाभर के प्रतिनिधि शामिल होंगे। यामानासी विश्वविद्यालय यहां के विद्यार्थियों को ग्रीन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में अध्ययन करने का मौका देगा।

को ओसादा ने बताया कि पर्यटन के लिहाज से यूपी असीमित संभावनाओं वाला राज्य है। यहां बौद्ध धर्म से जुड़े पर्यटन स्थलों पर जापानी पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बुद्धिस्ट सर्किट की भूमिका काफी अहम है। जापान से आने वाले अधिकांश श्रद्धालु बुद्धिस्ट सर्किट के अंतर्गत गौतम बुद्ध से जुड़ी जगहों सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती आदि जगहों पर जाना चाहते हैं।



जापान के यामानासी प्रांत के उपराज्यपाल को ओसादा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। -अमर उजाला

### युवाओं को सिखाएंगे जापानी भाषा, देंगे छात्रवृत्ति

सीएम योगी आदित्यनाथ व को ओसादा के बीच यूपी के युवाओं के लिए जापान व यामानासी प्रांत में रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई। युवाओं को जापानी भाषा सिखाकर और विभिन्न ट्रेंड्स में कौशल प्रशिक्षण देकर वहां भेजा जाएगा। वहां, अध्ययन के लिए जाने वाले छात्रों को यामानासी प्रीफेक्चर छात्रवृत्ति भी देगा।

# यूपी में उच्च शिक्षण संस्थान खोलेगा जापान

## जापानी प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व राज्यमंत्री रजनी तिवारी से की वार्ता

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जापान के यामानाशी प्रांत से आए प्रतिनिधिमंडल के साथ मंगलवार को चर्चा की।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के साथ हुई वार्ता में प्रतिनिधिमंडल ने यूपी में उच्च शिक्षण संस्थान खोलने की इच्छा जताई। इस दौरान छात्रों के एक्सचेंज और छात्रवृत्ति योजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में यामानाशी प्रांत और यूपी के बीच प्रमुख रूप से शैक्षिक संबंधों में सहयोग, अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और प्रदेश में विश्व स्तरीय संस्थानों की स्थापना पर बात हुई। उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति-2024 के तहत प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय स्थापना पर प्रोत्साहन और अनुदान दिया जाता है। हम यामानाशी प्रांत के साथ स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रमों और शैक्षणिक सहयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने जापानी प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उच्च शिक्षा सुविधाओं और विवि की स्थापना के लिए प्रोत्साहनों के साथ अनुकूल माहौल दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश के छात्रों को जापान द्वारा बीमा कवरेज देने पर भी बात की। जापानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यामानाशी प्रांत के उपराज्यपाल कोऊ ओसाडा ने किया। बैठक में यामानाशी प्रांत के अंतर्राष्ट्रीय रणनीति प्रभाग के निदेशक कोइची फुरुया और यामानाशी प्रांत के सलाहकार नीरेंद्र उपाध्याय भी थे। ब्यूरो



लखनऊ में बुधवार को जापानी प्रतिनिधिमंडल ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी से की मुलाकात। -विभाग